









# श्वसन संबंधी बीमारी के टीकाकरण बढ़ावा देना स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं के लिए 2023–2024 टूलकिट

**(Promoting Respiratory Illness Vaccination 2023–2024 Toolkit for Health Care Providers)**

Wisconsin Department of Health Services (स्वास्थ्य सेवा विभाग) | Division of Public Health (सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग)
Bureau of Communicable Diseases (संक्रामक रोगों का कार्यालय) | टीकाकरण खंड

P-02781HI (10/2023)

WISCONSIN DEPARTMENT of HEALTH SERVICES

# विषय-सूची


रोगी शिक्षा और आउटरीच उपकरण ........ 3

नमूना प्रेस विज्ञप्ति ........ 4

श्वसन संबंधी बीमारी के टीके का संदेश मैप ........ 5

नमूना सामाजिक मीडिया संदेश ........ 6

# रोगी शिक्षा और आउटरीच उपकरण

आपके रोगी स्वस्थ बने रहने और श्वसन संबंधी बीमारियों से संरक्षित रहने के बारे में सही जानकारी प्रदान करने के लिए आप पर भरोसा करते हैं। नियमित रूप से राज्य श्वसन संबंधी वायरस निगरानी और टीकाकरण जानकारी का पुनर्विलोकन करके अद्यतन रहें। इस टूलकिट और Centers for Disease Control and Prevention (रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र) (CDC) के HCP फाइट फ्लू टूलकिट, प्रदाताओं के लिए COVID-19 टीकाकरण संसाधन, और प्रदाताओं के लिए RSV संसाधन में शामिल की गई नवीनतम जानकारी साझा करके फ्लू टीकाकरण को बढ़ावा दें। अपने रोगियों को याद दिलाएँ कि टीकाकरण और उचित स्वच्छता के जरिए श्वसन बीमारियों से संरक्षित रहने में अभी भी बहुत देर नहीं हुई है।

### पोस्टर, इन्फोग्राफिक्स और फैक्टशीट

- फ्लू के टीकाकरण के संबंध में विभिन्न प्रकार के श्रोतागण के लिए अलग-अलग आकारों, फॉर्मेट, और भाषाओं में पोस्टर्स और मुद्रण सामग्रियाँ, और जानकारी ग्राफ़िक्स मुफ्त में मुद्रित करें। COVID-19 के संबंध में मुफ्त ग्राफ़िक्स, और पोस्टर्स और मुद्रण सामग्रियों का उपयोग करें। RSV के संबंध में मुफ्त फैक्टशीट्स, जानकारी ग्राफ़िक्स, और पॉडकास्ट का उपयोग करें।

- फ्लू और COVID-19 के संबंध में प्रतीक्षालय में टीवी पर एनिमेटेड चित्रों, वीडियो, या सामान्य प्रश्नों का इस्तेमाल करें या उन्हें आपकी वेबसाइट पर अपलोड करें।

- अपने कार्यालय के लिए अन्य संसाधनों या पोस्टरों की तलाश कर रहे हैं? COVID-19, फ्लू, और RSV के बारे में अधिक जानकारी के लिए DHS श्वसन संबंधी वायरस पृष्ठ देखें। अन्य संसाधनों में फैमिलीज फाइटिंग फ्लू के मुफ्त संसाधन या Philadelphia शिशु अस्पताल के उत्कृष्ट टीका शिक्षा संसाधन शामिल हैं।

### रोगियों और माता-पिता के साथ बात करना

अपनी प्रैक्टिस में फ्लू के टीके की दर बढ़ाने के लिए सर्वश्रेष्ठ कार्यपद्धतियाँ देखें, अपने रोगियों को दृढ़ता से टीके के सुझाव देने के तरीके सीखें, अपने रोगियों से COVID-19 के बारे में बात करें, और अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न जो कि फ्लू और COVID-19 के बारे में होते हैं, के जवाब देने के सुझाव पाएँ।

### सोशल मीडिया पोस्ट्स

अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर (इस टूलकिट में शामिल किए गए) नमूना संदेशों और चित्रों को साझा करें। आप अपने खुद के सोशल मीडिया चैनल्स पर भी DHS और अन्य संगठनों (जैसे CDC या World Health Organization (विश्व स्वास्थ्य संगठन)) की सोशल मीडिया पोस्ट्स साझा कर सकते हैं। कृपया बीमा रहित/कम बीमा वाले लोगों के लिए आपके पास मौजूद मुफ्त या कम-लागत वाले टीका कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी शामिल करें।

### वेबसाइट ऐड-ऑन्स

समुदाय के सदस्यों को टीकाकरण करवाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु आसानी से अपनी वेबसाइट पर CDC की फ्लू सामग्री और वैक्सीन सामग्री को कंटेंट सिंडिकेशन का उपयोग करके ऐड करें।

### अपॉइंटमेंट रिमाइंडर टेम्प्लेट

- अपने रोगियों को उनके टीकाकरण के संबंध में अद्यतन बने रहने में मदद के लिए Wisconsin Immunization Registry (Wisconsin टीकाकरण रजिस्ट्री) (WIR) के माध्यम से रिमाइंडर/रिकॉल नोटिस तैयार करें।

- अपने रोगियों को उनकी इन्फ्लुएंजा वैक्सीन के लिए अपॉइंटमेंट शेड्यूल करने की याद दिलाने के लिए CDC के कस्टमाइज करने योग्य ईमेल टेम्पलेट का इस्तेमाल करें।
- आसानी से टीकाकरण मैनेजर के असोसिएशन के नियमित टीकाकरण पोस्टकार्ड्स को कस्टमाइज करके अपने रोगियों को याद दिलाएँ कि वे अपॉइंटमेंट लेने के लिए आपको कॉल कर सकते हैं।

# नमूना प्रेस विज्ञप्ति

यह Wisconsin के स्थानीय स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं, स्वास्थ्य विभागों, और जनजातीय स्वास्थ्य निदेशकों के लिए नमूना प्रेस विज्ञप्ति का एक टेम्पलेट है। हम आपको अपने अधिकार क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने के लिए टेम्पलेट को संशोधित करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

**तत्काल जारी करने के लिए**
तारीख: [xx-xx-xxxx]

## टीकों के जरिए खुद की और अपने परिवार की इस श्वसन संबंधी बीमारी के मौसम में रक्षा करें

खुद को, अपने परिवार, और समुदाय को फ्लू, COVID-19, और पुराने वयस्क RSV टीकों से संरक्षित करने में कभी भी देरी नहीं होती

चूंकि श्वसन संबंधी बीमारियाँ फैलना जारी है, सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारी आपको वार्षिक फ्लू और COVID-19 टीके लगवाकर अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। जब तक यह बीमारियाँ फ़ैल रही हैं तब तक आप दोनों टीके लगवा सकते हैं। इस साल CDC ने 60 वर्ष से ज्यादा की उम्र के वयस्कों के लिए एकल-डोज वाला RSV टीका भी अनुमत किया है। 60 वर्ष या इससे अधिक उम्र के लोगों को अपने डॉक्टर से बात करके पता लगाना चाहिए कि RSV टीका उनके लिए सही है या नहीं। टीके सुरक्षित और प्रभावी होते हैं और वे गंभीर श्वसन संबंधी बीमारी से रक्षा का सबसे बेहतर तरीका होते हैं। टीका लगवाने में कभी भी देरी नहीं होती है।

"जब हम टीका लगवाते हैं, तब हम खुद को और अपने प्रियजनों को श्वसन बीमारियों से बचाते हैं, अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु के खतरे को घटाते हैं, और हमारे समुदाय को अधिक सुरक्षित रखते हैं।" [insert health officer name and name of local health department] ने कहा। "श्वसन संबंधी बीमारियों के टीके लगवाने से आप स्वयं को और अपने समुदाय को गंभीर बीमारी से बचाते हैं।"

6 माह और इससे अधिक आयु के हर किसी को वार्षिक फ्लू और COVID-19 टीके लगवाने की सलाह दी जाती है। फ्लू और COVID-19 टीके गंभीर बीमारी की जटिलताओं का ज्यादा जोखिम वाले लोगों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं, जिनमें निम्न शामिल हैं:

- गर्भवती महिलाएँ
- छोटे बच्चे
- 65 वर्ष और इससे अधिक उम्र के लोग, विशेष रूप से सामूहिक सेटिंग में रहने वाले लोग
- दमा या हृदय रोग जैसी विशिष्ट चिकित्सीय स्थितियों से ग्रस्त लोग

60 वर्ष और इससे अधिक उम्र के हर किसी को वार्षिक RSV टीका लगवाने के बारे में उनके डॉक्टर से बात करने का सुझाव दिया जाता है। यह अनुमत RSV टीका वयोवृद्ध लोगों को, विशेष रूप से सामूहिक सेटिंग में रहने वाले लोगों को, RSV की गंभीर

समस्याओं से बचा सकता है। शिशुओं और दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों के माता-पिता को भी RSV से होने वाली गंभीर बीमारी को रोकने के लिए अपने बच्चे के बाल-चिकित्सक से nirsevimab, जो एक मोनोक्लोनल एंटीबॉडी है, का एक डोज प्राप्त करने के बारे में बात करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

[insert your jurisdiction name] के स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता सुनिश्चित कर रहे हैं कि आप अब भी एक सुरक्षित और सुविधाजनक तरीके से टीका लगवा सकें। आप [list any known flu vaccine sites in your jurisdiction] में वार्षिक फ्लू टीका और [list any known COVID-19 vaccine sites in your jurisdiction] में वार्षिक COVID-19 टीका लगवा सकते हैं। यदि आपकी उम्र 60 वर्ष से अधिक है, तो आप अपने डॉक्टर के कार्यालय या स्थानीय फार्मेसी में RSV का टीका लगवा सकते हैं। हर टीके से जुड़ी किसी भी तरह की लागत के बारे में अपनी स्वास्थ्य बीमा योजना से जाँच करें। आपका बीमा ना होने पर [insert name of free vaccine clinics in your jurisdiction] और Bridge Access Program (ब्रिज एक्सेस प्रोग्राम) से जाँच करें।

टीका लगवाना स्वस्थ बने रहने और फ्लू, COVID-19, और RSV जैसी श्वसन संबंधी बीमारियों से बीमार होने से बचने के सबसे बेहतरीन तरीकों में से एक है। संरक्षण प्राप्त करने में कभी भी देर नहीं होती। आप इस श्वसन मौसम में सुरक्षित रूप से अपना वार्षिक फ्लू टीका, COVID-19 टीका, RSV टीका (यदि 60 वर्ष या इससे अधिक उम्र के हैं) लगवा सकते हैं। खुद के लिए और अपने परिवार के लिए टीके के लिए अपॉइंटमेंट लेने हेतु आज ही अपने डॉक्टर या अन्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को कॉल करें। यदि टीके की लागत एक चिंता का विषय है, तो आप या आपके बच्चे निःशुल्क या कम लागत वाले टीके [or insert your local vaccine program information] के लिए पात्र हो सकते हैं।

# श्वसन संबंधी बीमारी के टीके का संदेश मैप

**सामान्य जानकारी**

- टीके सुरक्षित होते हैं और खुद को और अपने प्रियजनों को श्वसन संबंधी बीमारियों से ग्रस्त होने से बचाने का सबसे बेहतरीन तरीका है।
- पिछले 50 वर्षों में लाखों अमेरिकियों ने सुरक्षित रूप से फ्लू के टीके लगवाएँ हैं, और फ्लू और COVID-19 टीकों की सुरक्षा की पुष्टि करने वाला व्यापक शोध भी हुआ है।
- हालाँकि फ्लू, COVID-19, और RSV ये सभी संक्रामक श्वसन संबंधी बीमारियाँ हैं, लेकिन ये तीन अलग-अलग वायरस के कारण होती हैं और इनके लिए तीन अलग-अलग टीकों की आवश्यकता पड़ती है।
- फ्लू, COVID-19, या RSV टीकाकरण के बारे में आपके कोई भी प्रश्न होने पर किसी डॉक्टर या अन्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से संपर्क करें।

| मुख्य संदेश | सहायक सूचना |
|---|---|
| 1. फ्लू, COVID-19, और RSV के अपने टीके लगवाने में कभी भी देरी नहीं होती। | • 6 माह और इससे अधिक उम्र के हर किसी को Centers for Disease Control and Prevention (रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र), Wisconsin Department of Health Services (स्वास्थ्य सेवा विभाग), और [insert your organization's name] द्वारा सुझाए अनुसार फ्लू का टीका और COVID-19 का टीका लगवाने की सलाह दी जाती है।<br>• 60 वर्ष और इससे अधिक उम्र के हर किसी को अपने डॉक्टर से बात करके पता लगाना चाहिए कि उनके लिए RSV टीके की सिफारिश की गई है या नहीं।<br>• वायरस के विरुद्ध आपकी रक्षा करने वाली एंटीबॉडीज बनाने के लिए आपके प्रतिरक्षा तंत्र को सक्रिय करके फ्लू और COVID-19 के टीकों को पूरी तरह काम करने में लगभग दो सप्ताह का समय लगता है। |

| | |
|---|---|
| | ● भले ही आपने श्वसन संबंधी बीमारी का मौसम शुरू होने से पहले टीका नहीं लगवाया हो, लेकिन फ्लू, COVID-19, और RSV टीकों से संरक्षण प्राप्त करने में कभी भी देर नहीं होती। |
| 2. फ्लू, COVID-19, और RSV टीके लगवाने से आपकी और आपके आसपास के लोगों की रक्षा होती है। | ● फ्लू, RSV और COVID-19 जैसी श्वसन संबंधी बीमारियाँ लोगों के एकसाथ मिलने पर, विशेष रूप से बंद जगहों में, आसानी से फैलती हैं।<br>● वार्षिक फ्लू टीका लगवाने से और अपने COVID-19 टीके के साथ अद्यतन रहने से आपको बीमारियाँ होने से और उन्हें दूसरों में फ़ैलाने से आपकी रक्षा होती है। यदि आपकी उम्र 60 वर्ष या इससे अधिक है, तो वार्षिक RSV टीका लगवाने से आपकी और आपके समुदाय की RSV से रक्षा हो सकती है।<br>● 8 माह या इससे कम उम्र के शिशु और 8-19 माह के बच्चे, जिन्हें RSV से गंभीर बीमारी होने का खतरा ज्यादा होता है, उन्हें RSV से गंभीर बीमारी होने से बचाने के लिए nirsevimab का एक डोज दिया जा सकता है।<br>● 6 माह और इससे अधिक उम्र के हर किसी को उनका वार्षिक फ्लू टीका लगवाने और COVID-19 के टीकों के साथ अद्यतन रहने का सुझाव दिया जाता है। |
| 3. आज ही टीके के लिए अपॉइंटमेंट लेने के लिए किसी डॉक्टर या अन्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को कॉल करें! | ● आप अपने डॉक्टर के कार्यालय, स्थानीय फार्मेसी, स्थानीय स्वास्थ्य विभाग में टीका लगवा सकते हैं, या Vaccines.gov पर टीका लगाने वाले की खोज कर सकते हैं।<br>● यदि आप टीके की लागत को लेकर चिंतित हैं, तो आप या आपके बच्चे मुफ्त या कम लागत के टीकों के लिए पात्र हो सकते हैं या Bridge Access Program (ब्रिज एक्सेस प्रोग्राम) के लिए पात्र हो सकते हैं।<br>● टीके की भरपूर आपूर्ति उपलब्ध है जिससे हर किसी को टीका लगाया जा सके।<br>● आप एक ही विज़िट के दौरान सुरक्षित रूप से अपना फ्लू टीका और COVID-19 टीका दोनों लगवा सकते हैं। |

# नमूना सामाजिक मीडिया संदेश

अपने रोगियों को टीका लगवाने में आप एक अहम भूमिका निभाते हैं। अपने सोशल मीडिया चैनल्स पर इन महत्वपूर्ण संदेशों को साझा करके श्वसन संबंधी बीमारी के टीकाकरण का प्रचार करें। कृपया उन्हें उन्मुक्त रूप से उपयोग और संशोधित करें। अपने संगठन की शैली और विचार और अपने सोशल मीडिया के फॉलोवर्स की आवश्यकताओं को प्रतिबिंबित करने के लिए संपादित करें।

लिंक की गई तस्वीरें भी सुझाव हैं। हालाँकि इनमें से कुछ फोटो मुफ्त में इस्तेमाल किये जा सकते हैं, हो सकता है कि आपके संगठन में ऐसी नीतियाँ हों जिनसे उनका इस्तेमाल करना वर्जित हो। नीचे लिंक की गई फोटो के इस्तेमाल करने के बारे में अपनी नीतियों के संबंध में अपनी क़ानूनी टीम से जाँच करें।

| समय -सीमा | पोस्ट | फोटो लिंक |
|---|---|---|
| शरद ऋतू की शुरुआत | स्कूल के नए साल की शुरुआत बहुत ही शानदार है! COVID-19 और फ्लू के टीके सहित नियमित टीकों के साथ अद्यतन रहकर अपने बच्चों का पढ़ना और उनका स्कूल में बने रहना जारी रखें। #PreventionIsProtection | • https://unsplash.com/photos/fu3RFotmMdE<br>• https://www.pexels.com/photo/girl-getting-vaccinated-3992931/ |
| शरद ऋतू की शुरुआत | श्वसन संबंधी बीमारी का मौसम आ गया है! COVID-19, फ्लू, और RSV से बच्चे गंभीर रूप से बीमार हो सकते हैं। अपने बच्चों को टीका लगवाकर और हाथ धोने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करके | • https://www.pexels.com/photo/red-leaf-trees-near-the-road-33109/ |

| | | |
|---|---|---|
| | उनकी रक्षा करने में मदद करें। यदि आप लागत को लेकर चिंतित हैं, तो Wisconsin बच्चों के लिए टीका कार्यक्रम की जाँच करें: https://www.dhs.wisconsin.gov/immunization/vfc.htm | • https://www.pexels.com/photo/photo-of-kids-smiling-8087930/ |
| शरद ऋतू के अंत का समय | COVID-19 और फ्लू के विरुद्ध टीके लगवाकर इस शीतकाल में सक्रिय और स्वस्थ बने रहने में अपने परिवार की मदद करें। आप एक ही बार में दोनों टीके लगवा सकते हैं! आज ही अपॉइंटमेंट लेने के लिए किसी डॉक्टर या फार्मेसी को कॉल करें।<br>#TogetherWeAreStrong | • **https://www.pexels.com/photo/women-playing-basketball-2116469/**<br>• **https://www.pexels.com/photo/a-man-pulling-a-sled-and-snow-tube-6617820/** |
| थैंक्सगिविंग (11/23 को या इसके आसपास पोस्ट करें) | इस थैंक्सगिविंग के अवसर पर हम टीकों के लिए बहुत आभारी हैं! टीके सुरक्षित हैं और गंभीर बिमारियों से रक्षा करने का प्रभावी तरीका हैं। छुट्टियों के मौसम से पहले अपना COVID-19 और फ्लू का टीका लगवाना सुनिश्चित करें। #TogetherWeAreStrong | https://www.pexels.com/photo/family-preparing-food-in-the-kitchen-4262010/ |
| सर्दी का मौसम | श्वसन संबंधी बीमारियाँ कोई मजाक नहीं होती। अपने बच्चों को हाथ धोने, छींकते या खाँसते वक्त अपनी नाक और मुंह ढकने के लिए प्रोत्साहित करके, और COVID-19 और फ्लू का टीका लगवाकर स्वस्थ बने रहने में उनकी मदद करें।<br>#PreventionIsProtection | https://unsplash.com/photos/aeh1dbl_a7I |
| शीतकालीन अवकाश | शीतकालीन अवकाश के लिए तैयार हैं? इन चरणों के साथ स्वस्थ रहें ताकि आप अपनी पसंदीदा सर्दियों की गतिविधियों का आनंद ले सकें:<br>1. अपना फ्लू और COVID-19 टीका लगवाएँ 2. अपने हाथों को साबुन और पानी से धोएं 3. भरपूर आराम और व्यायाम करें।<br>#EnjoyAHealthyBreak | • https://www.pexels.com/photo/a-young-girl-playing-in-the-snow-6289793/<br>• https://unsplash.com/photos/zqeXZRnW7I4 |
| शीतकालीन अवकाश | इस छुट्टियों के मौसम में स्वास्थ्य का उपहार दें! श्वसन संबंधी बिमारियों के विरुद्ध टीका लगवाना खुद की और अपने प्रियजनों की रक्षा करने का सबसे बेहतरीन तरीका है। #HealthIsAGift #HappyHealthyHolidays | • https://www.pexels.com/photo/a-girl-putting-a-christmas-star-on-a-christmas-tree-5727889/<br>• https://www.pexels.com/photo/photo-of-father-kissing-the-forehead-of-his-daughter-6114368/ |
| जनवरी | नया साल, बिमारियों के विरुद्ध वही बेहतरीन संरक्षण! फ्लू और COVID-19 के विरुद्ध टीका लगवाना नए साल का एक बेहतरीन संकल्प है। अपने निकट टीका लगवाने के लिए स्थान ढूंढें: https://www.vaccines.gov/search/ | • https://www.pexels.com/photo/a-cute-boy-wearing-a-black-suit-jacket-and-bow-laughing-under-a-falling-confetti-6363874/<br>• https://www.pexels.com/photo/kids-inside-a-tipi-tent-7600186/ |

| | | |
|---|---|---|
| वैलेंटाइन डे (2/14 को या इसके आसपास पोस्ट करें) | गुलाब होते हैं लाल। वायलेट होते हैं नीले।<br>खुद को और अपने परिवार को COVID-19 और फ्लू से बचाने के लिए टीका लगवा लें।<br>#GiftsThatMatter | https://www.pexels.com/photo/medical-stethoscope-and-mask-composed-with-red-foiled-chocolate-hearts-4386466/ |
| मार्च/बसंत ऋतू की शुरुआत | बसंत ऋतू लगभग आ ही गई है! लेकिन कीटाणु अभी भी सक्रिय हैं। फ्लू और COVID-19 के टीके लगवाने में और गंभीर बीमारियों से बचने में कभी देर नहीं होती। #TogetherWeAreStrong | • https://www.pexels.com/photo/a-happy-family-in-the-park-4543640/<br>• https://www.pexels.com/photo/child-in-red-jacket-and-black-pants-standing-on-water-puddle-5792945/ |

यदि आप इनमें से किसी भी टेम्पलेट पोस्ट का उपयोग करते हैं या आपके पास प्रतिक्रिया है, तो कृपया हमें बताएँ! प्रश्न? मदद चाहिए? हमें ईमेल करें!

इसके अलावा आप फ्लू और COVID-19 के लिए अन्य मुफ्त CDC संचार संसाधनों या फैमिली फाइटिंग फ्लू टूलकिट का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। Philadelphia शिशु अस्पताल के शैक्षणिक टीकाकरण वीडियो गेम और ट्रिविया गेम के बारे में पोस्ट करने और उन्हें साझा करने पर विचार करें।